# ITL CELEBRATES NAVRATRI

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Title of the activity | नवरात्रि समारोह का आयोजन |
| 2. | Date of the activity | सितंबर **2025** |
| 3. | Organized by | आई॰ टी॰ एल॰ पब्लिक स्कूल |
| 4. | Participated by | Students of Classes I - XII |
| 5. | Facilitators | Class Teachers and Coordinators |
| 6. | SDGs Incorporated | SDG 4 Quality Education |
| 7. | Description of the activity | सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके ।<br>शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणि नमोस्तुते ॥<br>समस्त प्राणियों का मंगल  करने वाली<br>शिव स्वरूपा गौरी और नारायणी को हम सभी प्रणाम करते हैं।<br>आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के सुअवसर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन हुआ। नवरात्रि शब्द से नव रात्रि के समूह का बोध होता है । इस उत्सव माँ शक्ति के नौ रूपों की पूजा होती है । शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ आश्विन मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा की तिथि से होकर महानवमी तक मनाया जाता है।इस नवरात्रि के उत्सव में लोग अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्ति संचय करने के लिए व्रत, नियम, यज्ञ, भजन व योग साधना आदि करते हैं। इस नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। नवरात्रि सिर्फ पूजा व अनुष्ठान का पर्व    ही नही बल्कि नारी सशक्तिकरण का भी प्रतीक है जहाँ माँ दुर्गा का ममतामयी रूप सजा है वही कुछ कर गुजरने का जोश भी निहित है । सृजन और संहार के दोनों रूपो को अपनाकर सशक्त हुई है  आज की यह नारी । यही वह सांस्कृतिक पर्व है जो दुर्गा की शक्ति को जोड़ता है नारी सशक्तिकरण से । आदि शक्ति हैं माँ दुर्गा । इनके तीन रुप हैं सृजन, पालन व संहार ।माँ के रूप में जन्म देती है, पालन पोषण करती है । बुरी शक्तियों का संहार भी करती है। तो आइए मिलकर नारी स्वरूपा माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा, अर्चना के साथ सभी मातृ शक्तियों का भी सम्मान |

<table>
<tr>
<td></td>
<td></td>
<td>




</td>
</tr>
</table>